तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि-
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 20 फरवरी 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

10 जैसाकर्रा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत के...

10 छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई जयंती...


## चुनाव : 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिए भी आज होगा चुनाव, विधायक की प्रतिष्ठा दांव पर

# गांव की सरकार के लिए भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में आज होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/दुर्गूकोंदल

जिले के 13 में से 03 जिला पंचायत सदस्य का आज चुनाव होगा, इन जिला पंचायतों के क्षेत्र भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल विकासखंड के अंतर्गत की ग्राम पंचायते आती है। दो विकासखंड के जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के लिए भी आज चुनाव होगा। मतदान सुबह पौने सात बजे से प्रारंभ होगा और दोपहर 2 बजे समाप्त होगा। उसके उपरांत सबसे पहले पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य की मतगणना की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य को जिताने को लेकर भाजपा को जैसा प्रयास करना चाहिए, वैसा करते हुए नजर नहीं आ रही है, वहीं भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी पूरी मेहनत करने में लगी हुई है।

- नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत का पड़ेगा प्रभाव
- मतदान पौने सात बजे से दोपहर 2 बजे तक फिर होगी मतगणना

कांकेर विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत के 03 क्षेत्र आते है। क्षेत्र क्रमांक 07 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रामबाई गोटा पतंग छाप से, कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी झरना हेमंत ध्रुव और हेमूबाई उयके दो पत्ती छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 08 में 07 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी देवेंद्र कुमार टेकाम छाता छाप से, अरूण कुमार कल्लो दो पत्ती, चेतन मरकाम उगता सूरज, दामेश्वर दर्रो पतंग, शोप सिंह आंचला गाड़ी, सोहनलाल कोमरा फावड़ा और बेलचा और सुकचंद मंडावी बल्ब छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 09 में 09 प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें भाजपा से अधिकृत नागसाय तुलावी गाड़ी छाप, कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी धनीराम ध्रुव पतंग छाप से ▶▶| शेष पेज 10 पर




### अधिकृत प्रत्याशियों की जिताने पार्टियों के पदाधिकारी सक्रिय

जिला पंचायत सदस्य के अधिकृत प्रत्याशियों की जिताने के लिए भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारी जिताने के लिए डटे हुए है। विधानसभा कांकेर के 04 भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने के लिए भाजपा संगठन ने विधायक सहित अन्य कई पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा है, वहीं विधानसभा भानुप्रतापपुर के 02 अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने के लिए भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस में इस तरह की जिम्मेदारी का पत्र जारी नहीं किया गया है। कांग्रेस कई जिला पंचायत क्षेत्रों में अधिकृत प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर पाई।

### भानुप्रतापपुर के 66888 मतदाता करेंगे मतदान

विकासखंड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत 52 ग्राम पंचायतों के लिए आज चुनाव होना है। विकासखंड भानुप्रतापपुर में 66888 मतदाता है, जिसमें 32042 पुरूष और 34846 महिला मतदाता शामिल है। 52 पंचायत के 703 वार्ड पंच, 52 सरपंच और 16 जनपद सदस्य है, जिसमें कई जगह पंच व सरपंच निर्विरोध निर्वाचित भी हो चुके है। विकासखंड भानुप्रतापपुर में 127 मतदान केंद्र बनाए गए है।

### दुर्गूकोंदल के 47335 मतदाता करेंगे मतदान

विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत 44 ग्राम पंचायतों के लिए आज चुनाव होना है। विकासखंड दुर्गूकोंदल में 47335 मतदाता है, जिसमें 23235 पुरूष और 24100 महिला मतदाता शामिल है। 44 पंचायत के 570 वार्ड पंच, 44 सरपंच और 11 जनपद सदस्यों का चुनाव होना है, इसमें कई वार्ड पंच और सरपंच निर्विरोध भी निर्वाचित हो चुके है। विकासखंड दुर्गूकोंदल में 88 मतदान केंद्र बनाए गए है।

### सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

दोनो विकासखंड के कई इलाके अतिसंवेदनशील होने के चलते सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किया है। अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रो पर रिजर्व बल के द्वारा लगातार गश्त किया जा रहा है, इसके अलावा सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किया गया है। नक्सली खौफ कम होने के कारण अब मतदान दल भी मतदान करवाने के लिए जाने से कतराते नहीं है, दस साल पहले कुछ ज्यादा ही दिक्कत होती थी।

## खबर संक्षेप



### अतांगढ़ में व्यायाम शाला लोकार्पित

**अंतागढ़।** विकासखण्ड अंतागढ़ के 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 19 फरवरी को उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय भिलाई थॉमस चाको के कर कमलों द्वारा कमांडेंट अरुण देवगम 28वीं वाहिनी व समस्त अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी ओर सभी जवानों की उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय अंतागढ़ के व्यायाम शाला का उद्घाटन किया गया। उप महानिरीक्षक ने व्यायाम के फ़ायदों के बारे में जानकारी दी ओर उपकरणों के रखरखाव व व्यायाम को ज्यादा से ज्यादा करने की भी सलाह दी, ताकि सभी जवान स्वस्थ रहे ओर अपने परिवार को भी व्यायाम करने के बारे में जागरूक करे।

### सड़क हादसे में एक की मौत, चालक की तलाश

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत अलनियापारा जाने वाले रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से कृपाराम की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने जहर खाया इलाज पूर्व हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत सुरेली निवासी 30 वर्षीय श्रवण उईके ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। सुरेली निवासी 26 वर्षीय सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 17 फरवरी की रात 10 बजें जहर खा लिया। ईलाज के लिए सीएचसी अंतागढ़ ले गए, लेकिन उसकी जान नही बच पाई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने खाया जहर अस्पताल में मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कुरीष्टीकुर निवासी 26 वर्षीय प्रदीप मंडावी ने जहर खा लिया था, जिसका ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में ▶▶| शेष पेज 10 पर

## चुनाव में बाधा पहुंचाने के आरोप में पूर्व सरपंच घासीराम रिमांड पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत पुसवाड़ा में मत पेटी को छिनने, अभद्र व्यवहार और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने कि शिकायत पर पुलिस ने कांकेर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्यवाही किया आरोपी प्रकरण में आरोपी पूर्व सरपंच को धर दबोचा। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तालाश जारी है। थाना में शिकायत करने पहुंचे बुढ़ादेव कॉलोनी चारामा निवासी 46 वर्षीय अशोक गोटे पिता मनराखन लाल गोटे ने पुलिस को बताया था कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में रिटर्निंग अफिसर कांकेर के आदेशानुसार मतदान सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप में मतदान दल के साथ मतदान केंद्र पुसवाड़ा में 17 को सरपंच पद के प्रत्याशियों को मतो की संख्या बताने के बाद सरपंच पद की कम वोट प्राप्त प्रत्याशी रूखमणी कोसम, रोहित नेताम, तोमेश यादव और उसके 40-50 साथियों द्वारा रात करीबन साढ़े 8 बजें से 10 बजें तक एक राय होकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने एवं मत पेटी छिन्ने की नियत से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर शासकीय कर्मचारियों पर प्रहार कर अभद्र व्यवहार करते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

- मतपेटी छीनने, अभद्रता करने का आरोप, अन्य नामजद आरोपियों की धर-पकड़ जारी

## उधारी का पैसा मांगने पर मजदूर की पिटाई मॉ-बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतगत ग्राम बेवरती में मजदुर ने अपने उधारी का पैसा वापस मांगा तो पैसा देने से मना करते हुए मॉ-बेटी ने मिलकर मजदुर की जमकर धुनाई कर दिया और पत्थर से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद पीड़ित थाना पहुंचा और आरोपी मॉ- बेटी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे बेवरती निवासी 39 वर्षीय अजय पाण्डेय पिता राम लखन पाण्डेय ने पुलिस को बताया कि मजदुरी का काम करता हूं। पड़ोसी सुलोचना नेताम को लगभग 15 दिन पूर्व 500 रूपएं उधारी दिया था। आरोपी सुलोचना से 18 फरवरी कि रात 8 बजें मेरे घर के पास मिली, जिसे पूर्व में उधार दिए पैसे को मांगा। उधारी का पैसा मांगने पर आरोपी सुलोचना नेताम बोलने लगी कि तेरा पैसा नही दुंगी, तुमको जो करना है कर लो। मैने बोला कि मै गरीब आदमी हूं मेरा पैसा क्यो नही दोगी, कुली मजदुरी करता हूं, मुझे पैसे की जरूरत है बोलने पर सुलोचना नेताम और उसकी ▶▶| शेष पेज 10 पर



- पिटाई से मजदूर से सिर फटा

## तीन साल से लापता युवक दिनेश का शव घर के पीछे पेड़ पर लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम मचांदूर में तीन साल से लापता युवक का शवघर के पीछे पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। युवक की लाश बुधवार सुबह उसके घर के पीछे एक पेड़ से लटकी हुई पाई गई। मृतक की पहचान दिनेश कुमार निषाद 27 वर्ष के रूप में हुई, जो पिछले तीन वर्षों से लापता था। परिजनों के अनुसार दिनेश की मां बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे शौच के लिए बाहर निकलीं, तभी उन्होंने घर के दरवाजे के पास उसका बैग पड़ा देखा। इसके बाद जब परिवारजन युवक को खोजने लगे तो उसका शव खेत में स्थित एक पेड़ से लटका मिला। घटनास्थल पर पानी की बोतल, जूते और गमछा भी बरामद किया गया है। हालांकि युवक की मौत का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची ▶▶| शेष पेज 10 पर



- गांव में फैली सनसनी, मौत पर संदेह का कुहासा

## वनसागर ग्राम पंचायत का संदीप कुंजाम सरपंच निर्वाचित, निकाली आभार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर



विकासखंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत बनसागर के सरपंच पद पर चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े हुए थे, जिसमें संदीप कुंजाम ने अपने निकटतम प्रत्याशी विश्व प्रताप जुरी को 254 मतों के बड़े अतर से पराजित किया। विश्व प्रताप जुरी को कुल 266 मत एवं महेंद्र कुमार सोरी को 211 मत प्राप्त एवं संत कुमार कुंजाम को 20 वोट मिले। निर्वाचन के लिए बनसागर में एवं आश्रित ग्राम पंडरीपानी में एक मतदान केन्द्र में वोटिंग हुआ एवं लोगों में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह था। लोगों ने फटाखे फोड़कर व गुलाल लगाकर देर रात तक जीत की खुशियां मनाया। संदीप कुंजाम ने इस अवसर पर भावुक होते हुए सभी ग्रामवासियों का मतदाताओं का स्नेह व आशीर्वाद के लिए ह्दय से आभार व कृतज्ञता प्रकट किया। इस अवसर पर बलराम उयके, खिलेश उयके, भुनेश जुरी, उमेश निषाद, रूपेंद्र कुंजाम, विजय कुंजाम, प्रताप कुंजाम, मोहन कुंजाम, कृष्ण मडावी, भुनेश नेताम, राजेंद्र यादव, गंगाराम गगदेव, तारा यादव, राजेश्वर नेताम, लक्ष्मण सिंहा, सुनील कुमार निषाद, खिलेश कुजाम, मुकेश, लोकेश कावड़े, सियाराम कोराम, सुभाष, संतोष मडावी, परशुराम नेताम, कुंदन कुंजाम, पुनीत राम कुंजम, प्रेमलाल कुंजाम, श्रीराम मडावी, कोमल, अरुण मडावी, श्रवण साहू, वेदुराम साहू, कृष्णाराम पटेल, संजीव ▶▶| शेष पेज 10 पर

## महिला से मारपीट, पड़ोसी पर अपराध कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कुम्हानखार में पुरनी रंजीश को लेकर पड़ोसी ने महिला के साथ मारपीट किया। मारपीट की शिकायत लेकर महिला थाना पहुंची, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना में शिकायत करने पहुंची कुम्हानखार निवासी 52 वर्षीय भगवती शोरी पति श्रवण शोरी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करती हूं। मेरे पड़ोस में कथा राम शोरी रहता है, जो पूर्व से ही पुरानी रंजिस को लेकर मेरे साथ आए दिन झगड़ा करता रहता है। मैं 18 फरवरी को दोपहर 3 बजें घर मे थी। उसी समय आरोपी कथा राम शोरी मेरे घर आया और पुरानी रंजिश की बात को लेकर जान से मारने की धमकी देने लगा। गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे गर्दन, कलाई, सिर में चोट आई है व दर्द हो रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।



## दो जगह दबिश, 8 लीटर शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने दो अलग-अलग जगह छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो के खिलाफ अबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि इंदिरा आवासपारा पखांजुर के पास एक महिला अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने के लिए अपने पास भारी मात्रा में महुआ शराब रखी हुई है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 18 फरवरी को ईलाके की घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया। मौके पर आरोपी इंदिरा आवासपारा पखांजुर निवासी 35 वर्षीय अनिता नेताम पति स्व. रतन नेताम को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नीला रंग का 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकिन में 5 लीटर एवं एक सफेद रंग का 5 लीटर क्षमता वाली जरकिन में 3 लीटर महुआ शराब कुल 8 लीटर देशी महुआ शराब कीमती 1 हजार 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वही दूसरी कार्यवाही में 18 फरवरी को आरोपी पीव्ही 24 रूपनगर निवासी मनोहर मंडल शराब दुकान के सामने सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और उसके खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



## निशा कोकपुर सरपंच निर्वाचित

**कांकेर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत 17 फरवरी को पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत कोकपुर से सरपंच पद पर निशा दुग्गा को जीत हासिल हुआ। पंचायत चुनाव में सरपंच पद के लिए तीन प्रत्याशीयों में से दुलिया मण्डावी, हेमलता मण्डावी व निशा दुग्गा चुनावी मैदान में उतरे थे। निशा दुग्गा को 186 मतों से विजयी प्राप्त हुआ।

वही ग्राम कोकपुर, खमढ़ोढगी के 13 वार्डो में 10 वार्ड में निर्विरोध निर्वाचन किया गया, जिसमें केजा मण्डावी, खेमिन जैन, रंजीता जैन, यामिनी सेन, कौशिल्या मण्डावी, बहुरा आंचला, रुखमनी मण्डावी, रजोन्तीन दुग्गा, रामजी नेताम और अमृत नाग को र्निवाचित घोषित किया गया और तीन वार्ड में चुनाव किया गया, जिसमें प्रेमलाल जैन, चुनेश्वर जैन व पुरषोत्तम जैन को जीत हासिल हुआ।



### मतदान के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः दूसरे चरण के लिए मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल/भानुप्रतापपुर

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के दुर्गुकोंदल और भानप्रतापपुर विकासखण्ड में द्वितीय चरण का मतदान आज 20 फरवरी को सुबह 6:45 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न होगा। मतदान के लिए 19 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय परिसर दुर्गुकोंदल में 12 सेक्टर के अंतर्गत 88 मतदान दलों को लगभग 77 से अधिक मतदान सामग्री का वितरण किया गया। भानुप्रतापपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान दलों को सामाग्री वितरण किया गया। कुल 127 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिसमें 8 महिला दलों को भेजा जा रहा है। मतदान के तुरंत बाद मतों की गणना होगी।

मतदान दल सभी सामाग्री मिलान कर अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर पथ प्रदर्शक, सुरक्षा कर्मी के साथ निर्धारित वाहनों में बैठने के पश्चात, निर्धारित वाहन एवं सेक्टर अधिकारी की वाहनों को केतन भोयर तहसीलदार व रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) दुर्गुकोंदल, सीईओ जनपद पंचायत दुर्गुकोंद सुरेंद्र बंजारे, बीईओ एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रिटर्निंग ऑफिसर मतदान सामग्री वितरण स्थल पर उपस्थित होकर मतदान दलों को किए जा रहे सामग्री वितरण कार्य का जायजा लिया। मतदान दलों से चर्चा कर वितरण किए जा रहे मतदान सामग्री की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। मतदान दलों द्वारा मतदान के लिए पंच, सरपंच,जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के मतपत्र, मतदाता सूची, विभिन्न प्रारूप के प्रपत्र, विन्हिन्न परिशिष्ट के प्रपत्र, लिफाफा, शील चपड़ा, अमिट स्याही, मत पेटी, मतदान प्रकोष्ठ सहित अन्य समाग्रियों का सही मिलान किया गया। मतदान दलों को सावधानीपूर्वक सभी मतदान सामग्रियों को मिलान करने और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके मतदान कराने की बात कही।





पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969



खबर संक्षेप



## हाईवा की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**धनेलीकन्हार।** कांकेर थाना अंतर्गत ग्राम बारदेवरी सल्हीपारा मेन रोड तेज हाईवा ने 19 फरवरी को शाम सवा 4 बजें मोटर साइकल सवार को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार माकड़ी से भानुप्रतापपुर कि ओर आ रही हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलजे 2744 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सलिहापारा बारदेवरी के पास सामने से मोटर साइकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीए 3369 के चालक पोटगांव निवासी केवी राव को जबरदस्त टक्कर मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। घायल को धनेलीकन्हार निवासी लोकेश्वर सेन ने अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के चिकित्सको ने घायल को मृत घोषित किया।

## विस सत्र के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का पंचम बजट सत्र के विधानसभा सभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण, सूचना इत्यादि से संबंधित समस्त कार्यों के सुगम संपादन एवं उनके नियंत्रण को सुनिश्चित करने तथा त्वरित जानकारी कार्यालयीन समय के पूर्व एवं उपरांत विभागों से प्राप्ति एवं प्रेषण करने के लिए विधानसभा जिला सेल का गठन किया गया है। उक्त कार्य के लिए कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 22 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 76479-70445 है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कार्य संपादन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। कंट्रोल रूम में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के सौरभ ब्यास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागोडार के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार ध्रुव तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से रमन कातरा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईच्छापुर के प्राचार्य सत्यप्रकाश दुबे की ड्यूटी लगाई गई है।

# आस्था के साथ शुरू हुआ माता मावली मेला, हुई परिक्रमा एवं समागम

## ग्रामीणों द्वारा परंपरागत तरीके से की गई देव विग्रहों की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले की लोक संस्कृति, देव मान्यता एवं परंपरा का प्रतीक मावली मेले का पूरी श्रद्धा आस्था एवं उल्लास के साथ आज मुख्यालय में आगाज हुआ। मेले का विधिवत शुरूवात माता मावली मंदिर मे पारंपरिक पूजा अर्चना परघाव के साथ हुआ। यहां आस पास के ग्रामों के स्थानीय देवी देवताओं के समागम के साथ जुलूस निकाल कर मेला स्थल मे ढाई परिक्रमा की रस्म पूरी की गई। इस रस्म के दौरान जगह जगह ग्रामीणों द्वारा सभी देवी देवताओं का विग्रहों के प्रतीक स्वरूप डंगई, लाठ, डोली, छत्र की पारंपरिक पूजा अर्चना किया गया। समागम स्थल में माता मावली, कोट गुड़ीन, शीतला माता, कोकोड़ी करीन, तेलवाड़ीन माता, कंकालीन माता, सोनकुंवर, भीमादेव सहित स्थानीय देवी देवताओं के आगमन से उपस्थित जनमानस श्रद्धा और आस्था से भाव विभोर हो गया। इनके साथ सिरहा पुजारी एवं गायता भी मौजूद थे।



### संध्या में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

*ज्ञात हो कि 19 से 23 फरवरी तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले मे प्रतिदिन संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके इसके तहत 20 फरवरी को बस्तर संस्कृति ग्रुप लोक रंग सिद्धार्थ महाजन की प्रस्तुति, 21 फरवरी को अनुराग शर्मा स्टार नाईट एण्ड ग्रुप की प्रस्तुति, 22 फरवरी को रास परब एण्ड ग्रुरप जगदलपुर की प्रस्तुति तथा 23 फरवरी को मल्खंभ डांस ऐकेडमी की प्रस्तुति एवं नितिन दुबे सुपर स्टार नाईट द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। चूंकि मावली मेला इस क्षेत्र का बड़ा लोकोत्सव है। इस वर्ष भी मेले की रौनक को चार चांद लगाने के लिए मीना बाजार, विभिन्न प्रकार के झूले, दैनिक उपयोगी के वस्तुओं, फैन्सी दुकान, मिष्ठान दुकानों से मेला स्थल पूरी तरह से सजा हुआ है। लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिला प्रशासन द्वारा भी मेले स्थल मे सभी आवश्यक व्यवस्था जैसे पार्किंग, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये है।*

## निर्वाचन: मतदान दल केन्द्रों के लिए हुए रवाना

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः जनपद पंचायत फरसगांव और माकड़ी में मतदान आज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/ फरसगांव

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन–2025 अंतर्गत द्वितीय चरण में जिले के जनपद पंचायत फरसगांव और माकड़ी में मतदान 20 फरवरी को होगा। आज जनपद पंचायत मुख्यालयों में मतदान सामग्री का वितरण किया गया और मतदान दलों को उनके निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर और एसडीएम अश्वन पुसाम ने फरसगांव में मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी प्रकार माकड़ी में एसडीएम अजय उरांव ने मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाई। जनपद पंचायत फरसगांव में 158 मतदान केंद्र हैं और मतदाता की संख्या 68287 है। 20 फरवरी को होने वाले मतदान में 68 सरपंच, 372 पंच, 20 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना हैं। फरसगांव के कुल 73 सरपंच में से 5 निर्विरोध और कुल 878 पंच में से 506 निर्विरोध चुने गए हैं।

■ सामाग्री का वितरण, हरी झंडी दिखाकर भेजा गया

### पंचायत चुनाव में गड़बड़ी का आरोप ग्रामीणों ने की पुनः मतदान की मांग



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के प्रथम चरण में मतदान प्रक्रिया को लेकर ग्राम पंचायत कुसमा में गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों और सरपंच प्रत्याशी दीपक बाई कोर्राम ने मतदान दल पर मतपत्रों में हेराफेरी करने का आरोप लगाते हुए पुनः मतदान की मांग की है। प्रत्याशी और ग्रामीणों के अनुसार, मतदान के दौरान पोलिंग एजेंटों को सिर्फ 10 मिनट के लिए बाहर जाने को कहा गया था लेकिन उन्हें करीब एक घंटे तक बाहर ही रखा गया। इस दौरान मतदान दल पर मतपत्रें में हेराफेरी करने का संदेह जताया गया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर कोण्डागांव के नाम डिप्टी कलेक्टर निकिता मरकाम को ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत कुसमा में पुनः मतदान कराने की मांग की।

### जपं मकड़ी में 154 केंद्र

इसी प्रकार जनपद पंचायत माकड़ी में 154 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 76160 है। इस दौरान 67 सरपंच, 415 पंच, 18 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना हैं। माकड़ी के कुल 889 पंच में से 474 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

## स्कूली बच्चों को कानूनी रूप से किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुनागांव में स्कूली बच्चों के लिए एक कानूनी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में जागरूक करना था।

■ कोण्डागांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

कार्यक्रम में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के पैरालीगल वालिंटियर श्रीमती हसीना खान और सुश्री जरीना बानों ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा का अधिकार शामिल है। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि यदि उनके अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव से मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सुश्री जरीना बानों ने बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में बताया, जैसे कि मुफ्त कानूनी सलाह, मुफ्त कानूनी प्रतिनिधित्व और मुफ्त कानूनी सहायता। उन्होंने बच्चों को आश्वासन दिया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए हमेशा तैयार है। यह कार्यक्रम बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुनागांव के प्राचार्य श्रीमती सविता सोरी और शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ बस्तर ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**कोण्डागांव।** 188 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा पुसपाल घाट बस्तर में 16 से 18 फरवरी तक अपने परिचालनिक क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती एवं नक्सल ग्रस्त क्षेत्र में भवेश चौधरी कमाण्डेंट–188 बटालियन केरिपुबल के निर्देशन में तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का लगातार चौथी बार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रतेंगा एवं ककनार, के बीच खेला गया जिसमें रतेंगा की टीम विजेता रही । प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को भवेश चौधरी कमाण्डेंट–188 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा ट्राफी व 10,000 रु नकद व उपविजेता टीम को ट्राफी व 5,000 रु तथा मैन ऑफ दी सीरीज, बेस्ट बालर व बेस्ट बेट्स मैन को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

## समय पर पहुंच गया यात्री, पर उससे पहले उड़ गया विमान

**जगदलपुर।** शहर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में बुधवार को जगदलपुर-जबलपुर-दिल्ली विमान तय समय से पहले ही टेक ऑफ कर गया। यात्रियों ने एलाइंस एयर प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। एलाइंस एयर प्रबंधन का तर्क यह था कि आज का शेड्यूल पहले से तय था। देर से आने वालों को एंट्री देना मुमकिन नहीं था। मामला इस प्रकार बताया जा है कि जब यात्रियों द्वारा टिकट बुक किया गया तब फ्लाइट की डिपार्चर टाइम 12.55 था। लेकिन आज सुबह ही प्रबंधन की तरफ से एक यात्री को मैसेज द्वारा 11:55 का डिपार्चर टाइम का संदेश भेजा गया। पीड़ित एक पैसेंजर को तो मैसेज भी नहीं मिला। फ्लाइट समय से पहले 11.55 को ही उड़ान भर गया। छूटे हुए यात्रियों का कहना है अगर टाइमिंग में अचानक बदलाव किया जाता है तो फोन पर सूचना दी जाती है, मगर ऐसा नहीं किया गया।

## जैसाकर्रा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत के बाद निकाली गई विजय रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




चारामा के ग्राम पंचायत जैसाकर्रा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणामों ने उत्साह का माहौल बना दिया है। पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर रविलाल नायक की जीत, जनपद सदस्य पद पर नीलू सत्तार खान और पंच पदों पर कई अन्य उम्मीदवारों की जीत के बाद गांव में एक भव्य विजय रैली का आयोजन किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजय जश्न रैली में गांव के 20 वार्डों के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी विजेताओं ने एकजुट होकर ग्राम विकास के लिए अपनी-अपनी योजनाओं और वादों को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता गांव में बुनियादी सुविधाओं का सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को बेहतर बनाना और सामाजिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विजयी उम्मीदवार रविलाल नायक ने सरपंच के रूप में गांव की खुशहाली और समृद्धि की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। वहीं जनपद सदस्य नीलू सत्तार खान ने ग्राम पंचायत के विकास में अपनी पूरी ताकत लगाने की बात कही। इस दौरान ग्रामवासियों ने भी अपने मुद्दों को उठाया और सभी को साथ मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव से अब एक नई ऊर्जा के साथ ग्राम विकास की दिशा में काम किया जाएगा। ग्राम पंचायत जैसाकर्रा के इस चुनावी जीत ने ग्रामीणों के मन में आशा और विश्वास को बल दिया है कि अब उनका गांव विकास के नए दौर में कदम रखेगा।

## अनियंत्रित बाइक की ठोकर से महिला घायल, चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत नांदनमारा के पास सब्जी बेचकर घर जा रही महिला को कांकेर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाईक के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में महिला को गंभीर चोट आई। घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। महिला कि स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने उसे बाहर रेफर किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम नांदनमारा निवासी 35 वर्षीय भोजराज सोनकर पिता समारू राम सोनकर ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी एवं सब्जी बेचने का काम करता हूं। सब्जी बेचने के लिए 14 फरवरी को दोपहर 3 बजें पत्नी के साथ




साईकिल में सवार होकर गोविंदपुर बाजार गया था। शाम करीबन साढ़े 7 बजे सब्जी बेचकर पत्नी के साथ साईकिल को लेकर घर वापस पैदल जा रहें थे। रोड किराने अपने साईड थे, साईकल को मैं लेकर चल रहा था मेरी पत्नी भी मेरे बगल से पैदल चल रही थी। दोनो जायसवाल काम्लेकेक्श नंदनमारा के पास पहुंचे थे कि कांकेर कि ओर से आ रही आरोपी मोटर सायकल चालक सोनउ राम जैन के द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 0622 को तेजगति व लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे पत्नी को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पत्नी रोड में गिर गई। एक्सीडेंट से पत्नी के सिर, कान व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई, जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल ले गया। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य में सुधार नही होने के कारण हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया। पत्नी का ईलाज कराने में व्यस्त होने के कारण घटना के तुरंत बाद दुर्घटना का शिकायत नही कर पाया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अपर कलेक्टर अहिरवार नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का पंचम बजट सत्र 24 फरवरी सोमवार से 21 मार्च 2024 तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान त्वरित जानकारी प्राप्त करने के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अपर कलेक्टर एस अहिरवार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पेज 09 के शेष...

### गांव की सरकार...

है, इसके अलावा अमिता जीवन उइके दो पत्ती, देवलाल नरेटी उगता सूरज, जोहन लाल गावड़े छाता, फूलसिंह शोरी फावड़ा और बेलचा , राकेश कोमरे बल्ब, श्यामलाल मंडावी सिलाई की मशीन और सुखेश्वरी मंडावी हाथ चक्की छाप से मैदान में है।

### चुनाव में बाधा...

मारपीट कर चोट पहुंचाने एवं शासकीय संपत्ती को क्षतिग्रस्त किया। शिकायत पर कांकेर पुलिस ने अपराध क्रमांक 54/2025 धारा 191 (2), 191 (3), 296, 115(2), 221, 121 (1), 132, 126 (2), 127 (2), 324 (3), 309 (6) बीएनएस, लोक संपति क्षति निवारण 1984 की धारा 3, 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी 70 वर्षीय घासीराम वट्टी पिता स्व. नथेरा राम को 19 फरवरी को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण के शेष नामजद आरोपियों का पता तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### युवक ने खाया...

18 फरवरी को मौत हो गया। युवक ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### उधारी का पैसा...

बेटी दीप शिखा नेताम आवेश मे आकर तुम हमको पैसा मांगते हो कहकर गाली देना शुरू कर दी। दोनो ने जान से की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ व पास मे पड़े पत्थर से मारा, जिससे मेरे सिर में चोट आया व खुन निकलने लगा। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### तीन साल से...

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह आत्महत्या है या फिर इसमें कोई अन्य साजिश शामिल है।

### वनसागर ग्राम पंचायत...

पटेल, अहिलू राम सलाम, चमरू राम सलाम, सतीश मडावी, ललित मडावी, गोपी सेन, मनोहर कुंजाम, गणेश सलाम, सालदु, मदन साहू, शंभू यादव , रविन्द्र यादव, पिलसाय निषाद, लंकेश , तलाशी कोर्राम, राहुल , उमेंद्र शोरी, जोहानलाल कुंजाम, माधव कवाड़े, सावन पड़ौती, लोकेश पड़ौती, हृदय पड़ौती, घनश्याम नेताम, नर्सिंग नेताम, दीपेश नेताम,हिमांशु नेताम, किशनू पड़ौती, राजकुमार निषाद, पुनीत कुंजाम,रायन चक्रधारी,देवीलाल, रायनलाला साहू, नितेश सलाम ,धर्मेंद्र सलाम ,मनोहर कुंजाम, सूरज निषाद, उमेन्द्र निषाद, खेमू साहू, जीवन पटेल, किशोर कुंजाम, विष्णु कुंजाम, कारण कुंजाम,राम कुंजाम,साधु नेताम, भानु राम नेताम, बलराम नेताम, चैत राम नेताम, सतीश मांडवी, धर्मेंद्र मांडवी, अजय मांडवी, अर्जुन कुंजाम, त्रिभुवन नेताम, रोशन नेताम, सलीम नेताम , चंद्रकांत नेताम कोमल मांडवी, सुरेंद्र कुंजाम, गंजीराम कुंजाम, प्रकाश साहू, सुभाष कुंजाम, नागेश कुंजाम एवं बड़ी संख्या में बनसागर एवं पंडरीपानी में आभार रैली निकाल कर आभार व्यक्त किया गया।

## पैराडाइज स्कूल के समारोह मे शिवाजी के राष्ट्रप्रेम का किया वर्णन

# छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई जयंती और योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें याद किया गया तथा भारतीय इतिहास में उनके योगदान को याद किया गया। स्कूल के कक्षा 7वीं की छात्रा तेजस्वी देवागंन ने शिवाजी महाराज के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के सबसे बहादुर और बुद्धिमान राजाओं में से एक थे। उन्होंने बचपन से ही वीरता एवं स्वराज्य शिक्षा तथा छोटी उम्र से ही युद्ध कौशल और प्रशासन की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी।

वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर अंग्रेजी भाषा में विविका कोर्राम ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज बचपन से ही बहुत ही सुलझे एवं चतुर बुद्धिमान योद्धा थे, वह केवल वीर योद्धा नही बल्कि एक दयालु और न्यायप्रिय शासक भी थे वे सभी धर्मो का सम्मान करते थे और हमेशा अपने प्रजा की भलाई के लिए कार्य करते थे। उनके राज्य में महिलाओं और गरीबों की रक्षा की जाती थी। उन्होंने एक मजबूत नौसेना बनाई, इसलिए उन्हें भारतीय नौसेना का जनक भी कहा जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज हमें साहस, ईमानदारी और नेतृत्व की सीख देते हैं। हमें उनके आदर्शो को अपनाना चाहिए और हमेशा सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। प्राइमरी कक्षाओं से सिम्मी सिन्हा कविता एवं स्लोगन के माध्यम से एवं यशस्वी पोर्ते ने भाषण के द्वारा शिवाजी महाराज के बारे में बताया। प्राइमरी एवं मिडिल कक्षाओं के लिये प्रश्नउत्तरी कार्यक्रम रखा गया। इस वीरता एवं राष्ट्र-प्रेम से प्रेरित कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, एस.मर्सी, शबाना परवीन, मेघा सेवा, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, शांति लीना नेताम, रीया सोनी, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, यामुना बिलोधिया, सुकदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, तुलसी निषाद, देवश्री साहू, सपना पाण्डे, संतोष ठाकुर, आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ताओं के बलबूते बना पार्षद : राणा



जगदलपुर। मेरी जीत मतदाताओं का विश्वास एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत और वरिष्ठ नेताओं के आशीर्वाद एवं प्रयास मिली है। मुझे बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया के जरिये झूठा संदेश वायरल कर रहे है। जारी बयान में यह बातें गुरुगोविंद सिंह के निर्वाचित पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कही है। उन्होंने कहा नगर निगम चुनाव में पार्टी के प्रति जनमानस से मिले जनादेश के लिए मैं सबके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मैं वार्ड के विकास के लिए तत्पर रहूंगा, वार्डवासियों के प्रति मैं सदैव ऋणी रहूंगा कि मुझे अपना जनमत देकर वार्ड में सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि पार्षद के रूप में पूर्व में भी मैं इसी वार्ड से निर्वाचित हुआ हूं और यहां के लोगों ने मुझे हमेशा से प्यार और स्नेह दिया है इसी के चलते इस बार भी लोगों के सहयोग से ही पार्षद बना हूं और मेरा प्रयास रहेगा कि जो कार्य पूर्व कार्यकाल में नहीं हो पाया था उसे इस बार पूरा करने का प्रयास रहेगा।

### सांस्कृतिक संध्या एवं आनंद मेला आज

गीदम। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में सांस्कृतिक संध्या एवं आनंद मेला का आयोजन 20 फरवरी को किया जाएगा। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस मौके पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा आनंद मेला का भी आयोजन किया। जिसमें भैया बहनों के द्वारा तरह-तरह के पकवान एवं व्यंजनों की वैरायटी रखी जाएगी।

## पंचायत चुनाव : द्वितीय चरण में भोपालपटनम एवं उसूर जनपद पंचायत में मतदान आज

# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर दल को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





- 66777 मतदाता चुनेंगे अपना जनप्रतिनिधि
- मतदान दलों को सामग्री वितरण पश्चात मतदान केन्द्रों के लिए की गई रवानगी

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण का मतदान कल 20 फरवरी को भोपालपटनम एवं उसूर जनपद क्षेत्र में होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सामग्री वितरण के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने मतदान दलों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर ने सभी मतदान कर्मियों को आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से मतदान एवं मतगणना कार्य सम्पन्न कराने सहित दायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने भोपालपटनम एवं उसूर पहुंचकर दोनों क्षेत्रों के मतदान कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दिए।

भोपालपटनम जनपद पंचायत क्षेत्र में 1 आदर्श मतदान केन्द्र सहित कुल 67 मतदान केंद्रों में मतदान होगा। जनपद पंचायत भोपालपटनम में जिला पंचायत सदस्य के 2 पदों के विरूद्ध कुल 6 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य के 10 पदों के विरूद्ध 38 अभ्यर्थी सरपंच के 33 पदों के विरूद्ध 121 अभ्यर्थी। वहीं सरपंच के कुल 2 पद के निर्विरोध चुने गए है। वार्ड पंच के 420 पदों में 273 निर्विरोध चुने गए एवं 147 पदों के विरूद्ध 332 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद पंचायत भोपालपटनम में कुल मतदाताओं की संख्या 32176 है। उसूर जनपद पंचायत क्षेत्र में कुल 72 मतदान दलों को रवाना किया गया। उसूर में 3 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जनपद पंचायत उसूर अन्तर्गत जिला पंचायत सदस्य के 2 पदों के विरूद्ध 9 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह जनपद सदस्य के 10 पदों में से 1 पद निर्विरोध घोषित हुआ है। शेष 9 पदों के विरूद्ध 32 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सरपंच के कुल 39 पदों में से 07 पद निर्विरोध घोषित हुआ है। शेष 32 पदों के विरूद्ध 101 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं एवं 520 वार्ड पंच में से 444 पंच निर्विरोध चुने गए हैं। एवं 74 पद हेतु 179 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद पंचायत उसूर में कुल मतदाताओं की संख्या 34601 है।

## कटेकल्याण ब्लॉक में मतदान आज, दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



- स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री का किया गया वितरण

त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के कटेकल्याण ब्लॉक में 20 फरवरी को मतदान संपन्न होगा। इस परिप्रेक्ष्य में आज द्वितीय चरण के मतदान के लिये मतदान दलों को कटेकल्याण जनपद पंचायत भवन स्थित स्ट्रांग रूम सह वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान सामग्रियों का मिलान कर सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर के नेतृत्व में निर्धारित रुट के बसों के जरिये अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

इस संबंध में पंचायत उप संचालक मिथिलेश किसान ने बताया कि इस दूसरे चरण में कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 2, जनपद पंचायत सदस्य हेतु 10, सरपंच प्रत्याशी के 27 और 86 पंच प्रत्याशियों का निर्वाचन होगा। उक्त द्वितीय चरण में 20 फरवरी को मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 64 मतदान दलों के 331 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिये जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराये जाने हेतु सेक्टर ऑफिसर्स, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## दोपहर 2 बजे तक होगा मतदान ...



जगदलपुर। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण के तहत जिले में बस्तर और लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जनपद बस्तर में 254 मतदान केंद्र हैं, जिसमें 116422 मतदाता हैं। जबकि लोहांडीगुड़ा जनपद में 159 मतदान केंद्र हैं और 55991 मतदाता हैं। इन दोनों विकासखण्ड में कल 20 जनवरी को सुबह 6.45 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। इसके उपरांत मतगणना की जाएगी।

## जीत का प्रमाणपत्र...



बीजापुर। पंचायत निर्वाचन अन्तर्गत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सामान्य प्रेक्षक नीलम टोप्पो की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जीत का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई कार्यशाला

## पौधों की वैज्ञानिक पहचान कर तत्वों का विश्लेषण कर हुआ विचार मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पौधों में औषधीय तत्वों की पहचान और पुष्टि आवश्यक है क्योंकि बस्तर क्षेत्र में पारम्परिक रूप से उपयोग में लाने जाने वाले पौधों की वैज्ञानिक पहचान कर तत्वों का विश्लेषण करके रोगों पर क्रिया करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया को थ्योरी और प्रेक्टिकल के माध्यम से समझाया गया। दुर्ग साइंस कालेज से आए वैज्ञानिक डॉ. मोतीराम, डॉ. सोमेन्द्र कुमार, डॉ. दिनेश कुमार ने उपरोक्त जानकारी विस्तार से दिए। इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राईट को समझकर यहां की विशेष जानकारी जो कि यहां के बैद्य के पास है उसका वैज्ञानिक विश्लेषण कर विस्तृत शोध करना आवश्यक है। भविष्य में यहां शोध केन्द्र स्थापित करने की मंशा है। अबुझों की पूरी जानकारी डाटाबेस और पवकेम में ऑनलाईन उपलब्ध है। इससे अध्ययन में 3 डी मॉडल्स के माध्यम से उपलब्ध है जिसका मिलान करने यहां के पहलुओं की पहचान की जा सकती है। जैव विविधतता के संरक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के परम्परागत ज्ञान को वैज्ञानिक रूप देकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार, समन्यवयक तुबीर खेलकर, विमल रात्रे, संयोजक नुरूल हक, चित्रलेखा कोड़ोपी, समीक्षा मांझी, सुप्रिया और अखिलेश चंदेल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विजय और शिव मंदिर वार्ड के पार्षदों का किया गया नागरिक अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरीय निकाय चुनाव में नगर निगम जगदलपुर पार्षद चुनाव में महाराजा विजय चंद्र वार्ड के नव निर्वाचित पार्षद गौतम पानीग्राही व शिव मंदिर वार्ड पार्षद निर्मल प्रसाद पानीग्राही ने विजयश्री हासिल किया। मां डोकरीदाई विकास समिति डोकरी घाट पारा के सम्मानित मतदाताओं ने निर्वाचित पार्षदों का अभिनंदन किया। शिव मंदिर वार्ड में चौथी बार पार्षद निर्वाचित हुए निर्मल पाणिग्राही ने कहा मेरे काम को लेकर मेरे वार्डवासियों के द्वारा बार-बार मेरे ऊपर भरोसा कर मुझे अपना आशीर्वाद देकर पार्षद जैसे महत्वपूर्ण दायित्व दे रहे है। निर्मल ने कहा मैं भी वार्डवासियों के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद ही नहीं विश्वास है आशीर्वाद मेरे साथ के सूत्र वाक्य जो ध्यान में रखते हुए मैं आप सभी वार्डवासियों से सहयोग की अपेक्षा रखता हूं। विजय चंद्र वार्ड के पार्षद गौतम पानीग्राही पहली बार पार्षद निर्वाचित होकर आए है। उन्होंने कहा कि आज इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए आपने मेरा जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया तथा वोट देकर आशीर्वाद दिया जिसके लिए मैं व्यक्तिगत तौर पर आप सभी का आभारी रहूंगा और मेरे से जो बन पड़ेगा वह आप लोगों के मार्गदर्शन से पूरा करने की कोशिश करुंगा। मैं आपका भाई,आपका बेटा हुं यदि मुझसे कोई ग़लती होता है तो बेझिझक मेरा ध्यान आकर्षित कराना जिससे मैं अपने कार्य में सुधार ला सकूं। आपके द्वारा किए गए हार्दिक अभिनंदन के लिए पुःन शुक्रिया अदा करता हूं और आभार भी व्यक्त करता हूं।

### पार्षदों पर जिम्मेदारी

समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे ने कहा हमारे दोनों वार्ड में निर्वाचित पार्षदो की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। समय-समय पर पार्षदो के साथ वार्ड समस्या को लेकर बैठके और जन समस्या निवारण शिविर लगाकर वार्ड समस्या को सुलझाने समिति का भी सहयोग रहेगा। समिति द्वारा दोनों निर्वाचित पार्षद निर्मल पाणिग्राही व गौतम पाणिग्राही का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। जिसमें समिति सचिव विनायक सिंह ठाकुर,मुकेश यादव, कमला यादव, किरण शुक्ला, गीता यादव, सरस्वती यादव, उषा यादव, कुसुम पांडे समेत वार्डवासी सम्मलित थे।

## तसर किसानों को मिला क्षमता निर्माण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बानियागांव में सरकारी रेशम केंद्र के मार्गदर्शन में बस्तर के बेसिक सीड मल्टीप्लिकेशन ट्रेनिंग सेंटर (बीएसएमटीसी) द्वारा 19 से 23 फरवरी तक तसर किसानों के लिए 5 दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण (सीबीटी) कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. टी सेल्वा कुमार, निदेशक, बीटीएसएसओ, बिलासपुर ने की और डॉ. एच नडाफ, साइ-डी, और वेणी कश्यप, सहायक निदेशक, रेशम, कोंडागांव सहित अन्य अतिथियों ने भाग लिया।

सेल्वाकुमार ने केंद्रीय रेशम बोर्ड से वैज्ञानिक प्रथाओं और तकनीकी मार्गदर्शन को अपनाने के महत्व पर बल दिया, जिससे कोसा उत्पादन में वृद्धि और लाभप्रदता में सुधार हो सके। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं और केंद्रीय रेशम बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

नडाफ, साइ-डी, और वेणी कश्यप, एडीएस कोंडागांव ने तकनीकी सत्रों का नेतृत्व किया, जिसमें प्रतिभागियों को तकनीकी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. बीटी. रेड्डी, वैज्ञानिक सी और प्रभारी, बीएसएमटीसी बस्तर ने एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जिसमें रेशम कीट पालन के दौरान किसानों द्वारा सामना की जाने वाली सामान्य समस्याओं का समाधान निकाला गया और व्यावहारिक समाधान प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में 23 से अधिक प्रशिक्षुओं ने उत्साही भागीदारी की, जिसमें राज्य रेशम विभाग और केंद्रीय रेशम बोर्ड के अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम का कुशलता से समन्वय सुश्री उर्मिला नाग, ताहिर सिद्दीकी, जीगोपाल राव और श्री सीपी पांडे द्वारा किया गया, जिससे इसका सुचारु कार्यान्वयन सुनिश्चित हुआ।

## छात्राएं सीख रही हैं आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवमीं से बारहवीं तक की छात्राओं को 30 दिवसीय कराते आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण संध्या 4 से 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बस्तर मार्शल आर्ट अकादमी की महिला प्रशिक्षिका, नेशनल कराते खिलाड़ी एवं शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर की एन.एस.एस. इकाई की स्वयंसेविका सुश्री आयुषी जायसवाल छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों में निपुण बना रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान पेन, पिन और दुपट्टे जैसी साधारण वस्तुओं का उपयोग कर आत्मरक्षा के प्रभावी एवं व्यावहारिक तरीके सिखाए जा रहे हैं। साथ ही, छात्राओं को अच्छे और बुरे स्पर्श की जानकारी देकर सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान में विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों का अमूल्य सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह प्रशिक्षण न केवल छात्राओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बना रहा है, बल्कि उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# हाईकमान जो निर्देश देगा उसका पालन करेंगे : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



### जहां शंका हार की होती, ईवीएम में गड़बड़ी की जाती

*मीडिया को दिए बयान में टीएस बाबा को जब पीसीसी चीफ दीपक बैज के चुनाव में मिली हार के बाद दिए बयान ने ईवीएम पर दोष देने पर कहा उन्हें खुद भी ईवीएम पर विश्वास नहीं है। जहां शंका होतीं है तो गड़बड़ी की जा सकती है।*

बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने बुधवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हाई कमान जो निर्देशित करेगा उसका पालन करने के लिये वे तैयार हैं। अब तक पार्टी ने जो-जो जिम्मेदारी दी है उसको ईमानदारी से निभाता आया हूं। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट लाउंज के बाहर मीडिया से चर्चा करते यह बात कही।

टीएस बाबा ने कहा सबको लेकर चलना ही प्रमुख होता है और कार्यकर्ताओं के भरोसे ही कोई भी चुनाव जीता जाता है। बता दें कि हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार को लेकर लगातार पार्टी में बयानबाजी शुरू हो गई है। लगातार पीसीसी चीफ दीपक बैज को लेकर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक के बयान सार्वजनिक होने के बाद पीसीसी चीफ बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। अम्बिकापुर में छग नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत भी आगामी चुनाव टीएस बाबा के नेतृत्व में लड़ने का बयान से प्रदेश कांग्रेस की राजनीति में बवाल मचा रहा। हालांकि डॉ महंत अपने ही बयान से बाद में पलटी मार आलाकमान के निर्णय पर छोड़ अपने को अलग करने का प्रयास किया था। उनके बयान के बाद से पीसीसी बदलने आवाज बुलंद हुई। अब तो पार्टी के विधायक व नेता भी खुलकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को हटाने मुखरता से आगे आ रहे है और खुले तौर पर बयानबाजी सामने आ रही है। इसको लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री अपने निजी प्रवास पर जगदलपुर पहुंचे थे जहां कांग्रेस संगठन के नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## अंदरूनी क्षेत्र के गांव मुस्कुंटा पहुंची आयुष की मोबाइल यूनिट

जगदलपुर। बस्तर जिले के बास्तानार ब्लॉक अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्र के गांव मुस्कुंटा में मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंच कर बच्चों सहित लगभग 62 ग्रामीणों का उपचार किया गया है, इसमें डॉ. सुरेन्द्र कुमार निषाद, फर्मासिस्ट छलेन्द्र कुमार सिदार, औषधालय सेवक पदम यादव शामिल रहे। गांव में बातरोग 9, उदयरोग 7, ज्वर 8, चर्मरोग 6 सहित मरीजों की जांच कर दवाएं दी। बताया जा रहा है कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रत्येक सप्ताह हर विकासखण्ड के अंदरूनी गांवों में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चर्मरोग, उदर रोग, स्त्री रोग, वात रोग सहित मधुमेह एवं हृदय रोग से पीड़ित ग्रामीण मिल रहे हैं। इन पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत ईलाज करने सहित स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक परामर्श दी जा रही है। आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में वर्तमान में विशेष तौर पर बुखार तथा उल्टी-दस्त जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार संबंधी चिकित्सकीय सलाह दी जा रही है।


HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


कांग्रेस आलाकमान ने जताया भूपेश पर भरोसा
छत्तीसगढ़ के कांग्रेसजनों की ओर से आभार
छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र और किसानों के हितरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री
मान. भूपेश बघेल जी
को राष्ट्रीय महासचिव बनने पर
हार्दिक बधाई...
मान. गिरीश देवांगन
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
उपाध्यक्ष - प्रदेश कांग्रेस कमेटभ्
मान. बृजेश शर्मा
प्रभारी राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी
संयुक्त महासचिव - छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. सुशील सन्नी अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, BOCW
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)